भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2932
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

दूरसंचार एवं डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए उपकरण

2932. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हरियाणा के सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में दूरसंचार एवं डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण तथा नेटवर्क क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए उन्नयन योग्य उपकरणों के आवंटन संबंधी कोई योजना चला रही है;

(ख) यदि हाँ, तो गत तीन वर्षों के दौरान सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क, ऑप्टिकल फाइबर, डाकघरों के आधुनिकीकरण, डिजिटल उपकरणों तथा अन्य संचार अवसंरचना के लिए स्वीकृत एवं आवंटित उपकरणों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस क्षेत्र में कमजोर मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा डाक सेवाओं में सुधार के लिए अतिरिक्त उपकरण उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव विचारधीन है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें अनुमानित लागत, कार्यान्वयन की समय-सीमा तथा अपेक्षित लाभ क्या हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ) बीएसएनएल ने दूरसंचार उपकरणों के उन्नयन के लिए सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में स्वदेशी 4जी सेवाएं, पुराने पारंपरिक ट्रांसमिशन उपकरण के स्थान पर मल्टी-सर्विस एक्सेस एंड एग्रीगेशन नेटवर्क (एमएएएन) और कन्वर्ज्ड पैकेट एक्सेस नेटवर्क (सीपीएएन) ट्रांसमिशन उपकरण स्थापित किए हैं। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में कुल 299 4जी बीटीएस, 216 सीपीएएन और 79 एमएएएन ट्रांसमिशन उपकरण स्थापित किए गए हैं। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक मुख्यालय रिंग टोपोलॉजी में हैं।

डाक विभाग ने आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 जैसी अपनी विभिन्न स्कीमों के तहत सोनीपत डाक मण्डल सहित देशभर के अपने डाकघरों की आईटी अवसंरचना के उन्नयन के लिए निधि उपलब्ध कराई है। पिछले तीन वर्षों में, सोनीपत डाक प्रभाग ने अपने डाकघरों को कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर, यूपीएस और अन्य कंप्यूटर उपकरणों जैसी आवश्यक आईटी अवसंरचना उपलब्ध कराने के लिए 74,42,373 रुपये का व्यय किया हैं। इसके अलावा, डाक विभाग ने भारतभर में अपने सभी डाकघरों में डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय स्तर पर व्यय किया है।

इसके अतिरिक्त, सोनीपत डाक मण्डल को वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए आईटी हार्डवेयर और डिजिटल उपकरणों की खरीद के लिए 23,65,000 रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि निर्बाध डिजिटल प्रचालन तथा डाक, वित्तीय और नागरिक केंद्रित सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित की जा सके।

*****